भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

28.07.2021 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1479 का उत्तर

रेल पुलों का पुनरुद्धार

1479. डॉ. ए. चेल्लाकुमार:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) **भारतीय रेलवे के विभिन्न ज़ोनो में रेलवे पुलों की ज़ोन-वार संख्या कितनी है;**

(ख) **क्या पुलों की वर्तमान स्थिति, मरम्मत और नवीनीकरण का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन/सर्वेक्षण किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

(ग) **क्या सरकार ने विशेष रूप से महाराष्ट्र के पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों में रेल पुलों के पुनर्निर्माण/सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य-वार कोई योजना शुरू की है और यदि हां, तो आज की तिथि तक तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

(घ) **पिछले तीन वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान उक्त योजनाओं के लिए कितनी निधि आवंटित और उपयोग की गई है और ऐसे पुलों की स्थिति क्या है?**

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

S.K

रेल पुलों का पुनरुद्धार के संबंध में दिनांक 28.07.2021 को लोक सभा में डॉ. ए. चेल्लाकुमार के अतारांकित प्रश्न सं. 1479 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): 01.04.2021 की स्थिति के अनुसार भारतीय रेल नेटवर्क पर 1,55,278 पुल हैं। रेल पुलों का जोन-वार ब्यौरा परिशिष्ट के रूप में संलग्न है।

(ख) और (ग): महाराष्ट्र के पिछड़े और जन-जातीय क्षेत्रों सहित पूरे देश में पुलों की संरक्षा को भारतीय रेल द्वारा उच्च प्राथमिकता दी जाती है। रेलवे प्रत्येक पुल की नामित अधिकारियों द्वारा एक बार मॉनसून शुरू होने से पहले और एक बार मॉनसून समाप्त होने के बाद वर्ष में दो बार निरीक्षण और मॉनिटरिंग की सुस्थापित प्रणाली का पालन करती है। निरीक्षण के बाद, प्रत्येक पुल को समग्र रेटिंग संख्या (ओआरएन) दी जाती है और पुल की ओआरएन के आधार पर मरम्मत/पुनरुद्धार/पुनर्निर्माण/मजबूतीकरण शुरू की जाती है, जो सतत प्रक्रिया है। प्रत्येक वर्ष पुलों की वास्तविक स्थिति और कार्यात्मकता को देखते हुए अपेक्षित मरम्मत की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत/पुनरुद्धार/पुनर्निर्माण/मजबूतीकरण के लिए पुलों की पहचान की जाती है।

(घ): पिछले तीन वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान पुल की मरम्मत/पुनरुद्धार/पुनर्निर्माण/मजबूतीकरण के लिए आबंटित और उपयोग की गई निधियों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

वर्ष	निधि का आबंटन (करोड़ रु में)	व्यय (करोड़ रु में)
2018-19	565.18	539.80
2019-20	784.05	785.55
2020-21	777.00	781.50
2021-22	900	216.88 (जून, 21 तक)

****

S.K

रेल पुलों का पुनरुद्धार के संबंध में दिनांक 28.07.2021 को लोक सभा में डॉ. ए. चेल्लाकुमार के अतारांकित प्रश्न सं. 1479 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट।

(क): रेल पुलों के जोन-वार ब्यौरे

क्रम सं.	क्षेत्रीय रेलें	पुलों की संख्या (01.04.2021 को)
1	मध्य रेल	10,856
2	पूर्व रेल	5,089
3	पूर्व मध्य रेल	7,654
4	पूर्व तट रेल	11,863
5	उत्तर रेल	20,284
6	उत्तर मध्य रेल	6,962
7	पूर्वोत्तर रेल	4,327
8	पूर्वोत्तर सीमा रेल	7,610
9	उत्तर पश्चिमी रेल	7,237
10	दक्षिण रेल	17,243
11	दक्षिण मध्य रेल	16,610
12	दक्षिण पूर्व रेल	7,803
13	दक्षिण पूर्व मध्य रेल	5,237
14	दक्षिण पश्चिम रेल	8,768
15	पश्चिम रेल	10,233
16	पश्चिम मध्य रेल	7,502
	कुल	1,55,278

****

S.K